THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) and (b) Two retail outlet dealerships were terminated during the last two years in Rajasthan for non-upliftment of supplies and non-operation of the R.O.

(c) and (d) Neither licences of any of the above dealerships were renewed, nor investigations were pending in any case.

(e) 99 R.O. dealerships and 39 LPG distributorships have been included in the R.O. Marketing Plan 1993—96 and LPG Marketing Plan 1994—96 for Rajasthan. There is no separate reservation for unemployed persons. These categories are considered under Open. Defence and PH category. Reservation for these categories is provided as under:

Open	55%
PH	71/2%
Defence	71/2%

गैर-सरकारी क्षेत्र में नये तेल शोधक कारखानों के लिए मंजूरी

7163. **श्री अजीत जोगी:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने निर्यात और स्वदेशी मांग की पूर्ति हेतु गैर-सरकारी क्षेत्र में नये तेल-शोधक कारखानों की स्थापना हेतु मंजूरी प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो गैर-सरकारी क्षेत्र में अब तक कितने तेल शोधक कारखानों की स्थापना की गई है अथवा करने का प्रस्ताव है; और

(ग) ये तेल शोधक कारखाने कब तक काम करना शुरू कर देंगे?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) और (ख) सरकार ने 100 प्रतिशत निर्यातोन्मुख रिफाइनरियों सहित, रिफाइनरियों की स्थापना के लिए निजी क्षेत्र में ग्यारह पक्षकारों को आशय-पत्र जारी किए हैं। जैसे ही नए प्रस्ताव प्राप्त होंगे, तो इन पर तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता के आधार पर विचार किया जाएगा।

(ग) कोई विशिष्ट तिथियां नियत नहीं की गई हैं, परन्तु पूर्णता आशय पत्रों के निबंधनों के अनुसार शासित होगी।

एल पी जी एजेंसियों की स्थापना

7164. **श्री अजीत जोगी:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1994-95 में देश के विभिन्न राज्यों में 20 हजार से अधिक जनसंख्या वाले कस्बों में स्थापित हुई रसोई गैस एजेंसियों की प्रदेश-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान मध्य प्रदेश के कस्बों में अन्य प्रदेशों की तुलना में कम एजेंसियां स्वीकृत हुई; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) वर्ष 1994-95 के दौरान समूचे देश में विभिन्न शहरी क्षेत्रों में 402 एल पी जी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप शुरू की गई थी। राज्यवार विवरण संलग्न है (नीचे देखिये)।

(ख) और (ग) मांग संभाव्यता के अधीन तथा प्रस्तावित डिस्ट्रीब्यूटरशिपों की आर्थिक साध्यता होने पर फिलहाल एल पी जी की डिस्ट्रीब्यूटरशिपों को विभिन्न चरणों में 1991 की जनगणना के अनुसार 20,000 तथा इससे अधिक जनसंख्या वाले शहरों में खोला जाता है।

समूचे देश में कुल 623 की तुलना में मध्य प्रदेश के लिए 54 एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपों को 1992-94 की एल पी जी वितरण योजना में शामिल किया गया है। इसी प्रकार 1994-96 की वितरण योजना में समूचे देश के लिए कुल 1023 की तुलना में मध्य प्रदेश के लिए 88 एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपों के लिए अनुमोदन दिया गया है।

विवरण

वर्ष 1994-95 के दौरान आरंभ की गई एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपों की कुल संख्या (राज्यवार को दर्शाने वाला विवरण।

राज्य	संख्या
आंध्र प्रदेश	36
आसाम	11
बिहार	17
दिल्ली	18
गुजरात	27
हरियाणा	11
हिमाचल प्रदेश	01
गोवा	02